संक्षिप्त

अग्रवाल का स्वागत किया

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। राजस्थान भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहनदास अग्रवाल का सीकर के पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने उनके दिल्ली स्थित आवास पहुंचकर उनका स्वागत किया व उन्हें आगामी कार्यकाल की शुभकामनाएं और बधाई दी। शर्मा ने कहा कि आपके मार्गदर्शन में प्रदेश भाजपा संगठन नई ऊंचाईयां प्राप्त करे ऐसी हार्दिक मंगलकामना करते है।

मदन राठौड़ का स्वागत किया

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। राजस्थान भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व चौमूं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने उनके दिल्ली स्थित आवास पहुँचकर स्वागत किया साथ ही उन्हे आगामी कार्यकाल की शुभकामनाएं और बधाई दी।

पैदलयात्रा आज रवाना होगी

पीपलू, (निसं)। संदेड़ा फार्म से चितौडगढ जिले के मण्डफिया स्थित सांवलिया सेठ के दर्शनों को लिए 14 वीं पैदलयात्रा रविवार सुबह श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर से धूमधाम से रवाना होगी।

रात्रि में करीब 6 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहने से लोग हुए परेशान

राजगढ़, (निसं)। विद्युत वितरण निगम की निष्क्रियता एवं अधिकारियों की अनदेखी के कारण शुक्रवार रात्रि को करीब 6 घंटे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। विपरीत मौसम एवं उमस के बीच घरों में रहना मुश्किल हो गया वहीं बच्चों व बुजुर्गों का जनजीवन दुश्वार बन गया।

शुक्रवार रात्रि करीब 8 बजे से 2 विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं होने से लोगों का जनजीवन प्रभावित रहा। विदित रहे

■ **रात्रि 8 बजे से 2 बजे तक बिजली बंद रहने से जनजीवन प्रभावित हुआ**

कि वितरण निगम के अधिकारियों की ओर से प्रॉपर मॉनिटरिंग एवं देखरेख नहीं करने के कारण समस्या और गंभीर हो जाती है। कस्बे के गोविंद जी मंदिर के पास वाटर वर्क्स को जाने वाली गली में जम्पर उड़ जाने के कारण शिकायत दर्ज कराई। मगर2 घंटे तक विद्युत सुधार गाड़ी के नहीं आने की वजह से लोग सड़कों पर घूमते रहे। विद्युत वितरण निगम के पूछताछ कार्यालय एवं अधिकारियों की ओर से कोई संतोष जनक जवाब नहीं मिलने के कारण आमजन बेचैन रहा।

प्रतिदिन हो रही समस्या के बाद भी विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। इसके कारण लोगों की परेशानी जस की तस बनी रहती है। 8 के पश्चात 10:40 पर विद्युत आपूर्ति सुचारु होने के पश्चात केवल 8 मिनट में ही दोबारा गुल हो गई। विद्युत वितरण निगम की ओर से ठेके पर लगे कार्मिकों के अथक प्रयास के बाद भी बार-बार ट्रिप होने की समस्या का पता नहीं लगा। करीब आधा दर्जन बार कर्मचारियों की ओर से सिटी प्रथम कैसे शटडाउन लेने के बाद विद्युत वितरण निगम में तैनात कर्मचारी भी शटडाउन देने में आना कानी करने लगा। इस अव्यस्था में रात्रि के 2: बज गए। इधर निगम के अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। मरम्मत कार्य में लगे लाइनमैन की सूझबूझ से रात्रि को वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर रोड लाइट से कनेक्ट कर घरों की आपूर्ति 2:30 बजे सुचारू कराई। विद्युत भार में बढ़ोतरी के बावजूद ट्रांसफार्मर की व्यवस्था नहीं करने एवं बढ़ते विद्युत भार को कम करने का कोई प्रबंध नहीं होने से प्रतिदिन तार टूटने एवं फॉल्ट ट्रिपिंग की घटनाएं होती है। कस्बे में विद्युत पोलों पर विद्युत तारों के मकड़जाल एवं विद्युत लाइनों के करीब चार-पांच दशक से नहीं बदलने के कारण समस्यागंभीर है। जागरूक लोगों ने विद्युत आपूर्ति में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

गोविंद देव जी मंदिर के समीप विद्युत पोल पर तारों का जमावड़ा लगा हुआ है।

45 दिवसीय भंडारे का शुभारम्भ 6 अगस्त से

पीपलू, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के रानोली सामुदायिक भवन परिसर में शनिवार को कल्याण जन सेवा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर 6 अगस्त को सुबह शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना करते हुए भंडारे का शुभारंभ करने का निर्णय लिया गया।

इस दौरान खाना बनने वाले हलवाई, टेंट, पानी, ठहरने की व्यवस्था के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही 19 सितंबर तक भंडारे में 24 घंटे पदयात्रियों के लिए भोजन करने व विश्राम करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

समिति सदस्यों ने बताया कि लगातार 17 वा भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कस्बे क्षेत्र से निकलने वाली डिग्गी कल्याण जी महाराज के जाने वाली, बाबा रामदेव रुणीचा जाने वाली, गणेश जी महाराज रणथंभौर सवाइमोधपुर, खेड़ा बालाजी, देवनारायण मंदिर जोधपुरपुरिया व चौथ माता आदि के लिए जाने वाली सभी पदयात्राओं के लिए भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। पदयात्रियों की सेवा के लिए गांव के कही युवा दिन रात मौजूद रह कर पदयात्रियों की निस्वार्थ सेवा करेंगे। बैठक में पूर्व सरपंच रामलाल मीणा, पूर्व उपसरपंच जगदीश यादव, रामेश्वर सैनी, पवन कुमार स्वामी, विरमदेव तंवर, दयाराम बैरवा, ताराचंद तंवर, आशीष जैन, बद्री नारायण स्वर्णकार व गुलाब चंद तंवर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

सार-समाचार

यूडीएच मंत्री खर्रा ने सुनी फरियादें

श्रीमाधोपुर, (निसं)। एक दिवसीय दौरे के दौरान क्षेत्रीय विधायक तथा यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने शनिवार को अपने निजी आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं तथा आमजन की फरियादें सुनकर मौके पर ही समस्याओं का निस्तारण किया। शनिवार को यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा श्रीमाधोपुर पहुंचे थे इस दौरान उन्होंने करीब 1 घंटे तक अपने भारणी निजी आवास पर लोगों की समस्याएं सुनकर उनका त्वरित गति से समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद मंत्री नारनौल के लिए रवाना हो गए। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा नारनौल विधायक ओम प्रकाश यादव के सुपुत्र की शोक सभा में शामिल होंगे। मंत्री नारनौल से सीधे नागौर पहुंचेंगे जहां पर सर्किट हाउस में उनका रात्रि विश्राम होगा। रविवार सुबह नागौर के मूण्डवा में जिला स्तरीय वन महोत्सव पौधारोपण तथा प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में शिरकत करेंगे उसके बाद 3:15 बजे सीकर में जिला कार्यकारणी भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में हिस्सा लेंगे। रविवार शाम 6:00 बजे मंत्री जयपुर के लिए रवाना होंगे।

बारिश से कुआं ढहा

निवाई, (निसं)। ग्राम पंचायत सेदरिया के गांव भगतरामपुरा में बरसात से कुआं ढह जाने से किसान के अनुमानित 8 लाख का नुक़सान हो गया है किसानों ने तहसीलदार नरेश गुर्जर से मुआवजा दिलवाने की मांग की है। किसान बाबूलाल, जगदीश, गुलाब व नन्दलाल ने बताया कि गांव भगतरामपुरा पटवार हल्का सेदरिया में खसरा नं. 72 में मे उनका कुआं स्थित था। प्राकृतिक आपदा से दोपहर 3 बजे तेज बरसात आई जिससे कुआं ढह गया जो करीब 20 हाथ चौडा व 50 हाथ गहरा था। कुआं ढह जाने से किसान को अनुमानित करीब 8 लाख रूपये का नुकसान हो गया। जिससे सभी खातेदारों को काफी नुकसान हो गया। पीड़ित किसानों ने तहसीलदार से मुआवजा दिलवाने की मांग की है।

वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न किया

आमेर, (निसं)।उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत आकेड़ा डूंगर अखैपुरा धनुषधारी हनुमानजी मंदिर के रास्ते के दोनों ओर वृक्षारोपण किया गया। जिसमें पीपल, बरगद, नीम कदम छायादारवृक्ष आदि के 51 पेड़ लगाए गए। रामबाबू गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पंन हुआ। अध्यक्ष ने कहा कि पौधारोपण का यह कार्यक्रम आगामी वर्षों में भी जारी रहेगा। जगदीश खोड़ा ने बताया कि अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने से आक्सीजन की कमी नहीं होगी और वातावरण में शुद्धता बनी रहेगी। ऐसे कार्यक्रमों द्वारा सभी को जागरुक किया जायेगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम में गांव के सम्मानीय व्यक्तियों ने भाग लिया। जगदीश खोड़ा, संरक्षक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामबाबू गुप्ता, सीताराम सैनी, सुंडा राम सैनी, कानाराम कुमावत, सुरेश गुप्ता, नाथूराम सैनी, रामगोपाल मीणा, श्रवण सैनी, रुपनारायण जाट, श्रीनारायण मीणा रामकिशोर शर्मा रामकिशोर जाट मीठा लाल मीणा सुरेश सैनी कैलाश मीणा कानाराम मीणा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्कूल गणवेश वितरण की

श्रीमाधोपुर, (निसं)। लायंस क्लब श्रीमाधोपुर ने अपने सेवा कार्यों को आगे गति देते हुए राजकीय मानपुरिया संस्कृत विद्यालय श्रीमाधोपुर के जरूरतमंद 20 बच्चों को स्कूली गणवेश वितरण की इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य सौरभ अग्रवाल, विद्यालय के रामगोपाल बोरा, ज्ञानप्रकाश हरितवाल, शंकरलाल सैनी, रामकिशोर नागर, अभिनेश चोपड़ा, अंबिका तिवारी एवम विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी, सागरमल हलवाई, रेवत सिंह, माणक चंद तिवाडी, सागरमल सैनी और श्रीराम कुमावत आदि उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को भोजन कराया

अलवर, (निसं)। खोहड़ा करमाली, नौगांवा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खोहड़ा करमाली में श्री कृष्ण भोज संकल्पना के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए तिथि भोज का आयोजन किया गया। राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग के निर्देशों की अनुपालना में विद्यालय के उप प्राचार्य रवीन्द्र प्रकाश पालीवाल की अगुवाई में विद्यालय के तमाम बालक बालिकाओं एवं ग्राम के गणमान्य आगंतुकों सहित समस्त स्टाफ के लिए तिथि भोज का आयोजन किया गया। श्री पालीवाल की प्रेरणा से विद्यालय स्टाफ के जिन कार्मिकों का जन्म दिवस जुलाई माह में आता है उन सभी कार्मिकों द्वारा स्वेच्छा से अपने निजी खर्चे से इस सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। बालकों की रुचि अनुसार भोजन के साथ मिष्ठान्न के रूप में खीर वितरण की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन द्वारा इन सभी कार्मिकों को माल्यार्पण कर राजस्थानी चुनरी का साफा पहनाया गया तथा सभी को बधाई पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में उप सरपंच कल्लू राम, सहित स्टाफ के रामजीलाल, घनश्याम, निशा यादव, गौरव रोहिल्ला, सानिया, श्यामलाल आदि उपस्थित रहे।

अलग-अलग मामले में दो गिरफ्तार

निवाई, (निसं)। निवाई थाना पुलिस ने अवैध हथियार चाकू के साथ एक जने को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि निवाई थाना क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड एवं अवैध फायर आम्र्स की धरपकड के क्रम में गठित विशेष टीम ने शिवाजी पार्क के पास से एक धारदार चाकू लेकर घूमते पाए जाने पर आरोपी समीर कुरैशी पुत्र नयुम खां उर्फ नन्नू खां निवासी कच्ची बस्ती शिवाजी कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार टीम ने करीब एक साल से फरार चल रहे वांछित स्थाई वारंटी निसार अहमद पुत्र फजर मौहम्मद निवासी लुआवट तहसील पीपलदा जिला कोटा हाल निवासी प्रताप नगर थाना बोरखेडा जिला कोटा को गिरफ्तार किया है।

132 केवी जीएसएस के लिए जगह का इंतजार

उनियारा, (निसं)। शिवाड़ कस्बे में 132 केवी जीएसएस के निर्माण के लिए बिजली विभाग द्वारा राजस्व विभाग के तहसीलदार चौथकाबरवाड़ा को नवम्बर 2022 में पत्र भेजकर शिवाड़ या ईसरदा ग्राम पंचायत के अधीन 132 केवी जीएसएस के लिए भूमि उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया था। जिससे ईसरदा डेम प्रोजेक्ट को बिजली दी जा सके एवं क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सही हो सके। लेकिन राजस्व विभाग द्वारा आज तक जमीन आवंटित नहीं की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 132 केवी जीएसएस हेतु करीब 13 बीघा जमीन ईसरदा ग्राम पंचायत में देख ली गई थी और ग्राम पंचायत ने जनवरी 2023 में इस संबंध में एनओसी भी जारी कर दी थी मगर उसके बाद भी डेढ़ साल में भी जमीन आवंटन का कार्य नहींहो सका और फ़ाइल एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय घूम रही है। वहीं इसी 2024 के बजट में राजस्थान सरकार द्वारा शिवाड़ में 132 केवी जीएसएस के निर्माण की घोषणा भी हो चुकी है मगर जमीन आवंटन का कार्य नहीं हो

■ **शिवाड़ कस्बे में जीएसएस के निर्माण के लिए जमीन आवंटित नहीं की गई है**

रहा है। प्रेमप्रकाश शर्मा, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य भाजपा राजस्थान का कहना है कि 132 केवी जीएसएस का निर्माण क्षेत्र के लिए जरूरी है मगर राजस्व विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से अब तक भी डेढ़ साल से अधिक समय के बाद भी जमीन आवंटित नहीं की गई है इस मामले में इससे बड़ी घोर लापरवाही नही हो सकती ।

कुमुद जैन, मीडिया प्रभारी, घुश्मेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर ट्रस्ट शिवाड़ का कहना है कि शिवाड़ में 132 केवी जीएसएस की मांग बहुत पुरानी है जिसे अब जाकर सुना गया है उसके बाद भी ढिलमुल रवैये के कारण जमीन आवंटित नही होना एक बडी लापरवाही है । स्थानीय विधायक को तुरंत जमीन आवंटन करवाना चाहिए ।

हरिद्वार से कावड़ यात्रा श्याम मंदिर पहुंची

शाहपुरा, (निसं)। शहर के पुलिस थाने के पीछे शनिवार को श्याम मंदिर की कमेटी के कार्यकर्ताओं के द्वारा हरिद्वार से कावड़ यात्रा नगर परिक्रमा करते हुए डीजे की धुनों पर श्याम भगत हाथों में निशान लिए हुए नाचते गाते श्याम मंदिर परिसर पहुंची। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद अजमेरी व कोषाध्यक्ष राजेश मंडोवरा ने बताया कि 15 जुलाई से पांच सदस्य श्याम मंदिर कमेटी के मंदिर कमेटी के संचालक शंकर लाल सैनी के सानिध्य में शिव भोले की पैदल चलकर कांवड़ यात्रा शाहपुरा पहुंची। शाहपुरा पहुंचने पर नगर पालिका अध्यक्ष बंशीधर सैनी, समाजसेवी रवि कुमार अग्रवाल, हारिल सैनी ने माल साफा पहनाकर कावड़ यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान मंदिर कमेटी के सचिव अनिल कुमार नरवल, मंगल चंद दादरवाल, भगवान सहाय कूकडेला ने बताया कि शिव भोले की झांकी की आरती करके कावड़ यात्रा का समापन किया गया। 29 जुलाई को श्याम मंदिर में रुद्राभिषेक करके गंगाजल से शिव भोले व श्याम बाबा का स्नान कराया जाएगा।

दिनभर कभी तेज तो कभी धीमी बरसात हुई

निवाई में कृषि मंडी के सामने सड़क पर बरसात का पानी भर गया।

निवाई, (निसं)। उपखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में बरसात का दौर लगातार जारी है। पिछले चार दिन से दिनभर कहीं तेज तो कहीं रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा।

शनिवार सुबह 4 बजे से 8 बजे तक रिमझिम बारिश होती रही। कुछ देर के ठहराव के बाद करीब 10 बजे थोडी देर तेज बारिश हुई। दोपहर बाद आसमान में काले बादल छाए रहे और कभी तेज तो कभी धीमी गति से बारिश का दौर जारी रहा। इस दौरान लगातार बारिश होने से शिवाजी पार्क रोड, जिरात बाब रोड, डाक बंगले व कृषि मंडी के सामने सडकों पर तेज गति से पानी बहता रहा। जल संसाधन के कनिष्ठ अभियंता कानाराम गुर्जर ने बताया कि शनिवार की सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक 12 एमएम बारिश दर्ज की है। जिससे गर्मी लोगों को राहत मिली।

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधे लगाये

मनोहरपुर, (निसं)। कस्बे में पर्यावरण को बचाने और हरियाली बढ़ाने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की गई है। अभियान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम के तहत प्रत्येक नगर पालिका को सरकार ने 5 हज़ार पेड़ पौधे लगाने का जिम्मा सौंपा गया है। जिसको लेकर शनिवार को तोपचीखाना स्थिति कब्रिस्तान में करीब डेढ़ सौ और सारवान कब्रिस्तान में 900 पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान रामप्रकाश नाई व संतोष माधानी ने कहा कि, एक पेड़ मां के नाम लगाकर अपनी मां की याद को चिर स्थायी बनाये व धरती मां को भी सवारें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत तोपचीखाना कब्रिस्तान पर मुस्लिम समुदाय के लोग व पालिका प्रतिनिधि के मौजूदगी में वृक्षारोपण किया गया। और बड़ी संख्या में वृक्षारोपण करने का आव्हान किया गया है। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सरफराज ने शहरवासियों से अपने अपने क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बड़ी संख्या में वृक्षारोपण करने का आव्हान किया। इस दौरान जामा मस्जिद सदर जमील खान चौहान ने कहा की पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए तोपचिखाना व सारवान कब्रिस्तान में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगो ने फलदार और छायादार पौधे लगाए. दरअसल, लगातार बढ़ रही वृक्षों की कटाई से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है और तापमान में वृद्धि हो रही है. इसलिए पीएम मोदी ने "मन की बात" कार्यक्रम के दौरान लोगों से "एक पेड़ मां के नाम" अभियान से जुड़ कर एक-एक पेड़ लगाने की अपील की थी।

सफाईकर्मियों की हड़ताल जारी

अलवर, (निसं)। प्रदेश में सफाई कर्मियों की हड़ताल जारी है। इसके चलते शहर से कचरा नहीं उठ रहा है। गली-मोहल्लों सहित मुख्य सड़कों पर कचरे ढेर लगे हैं। लोगों का इन रास्तों से निकलना भी दूभर हो गया है। गौरतलब है कि सफाई कर्मचारी भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने सहित कई मांगों को लेकर पूरे प्रदेश भर में कर्मचारी हड़ताल पर हैं। शनिवार को अलवर शहर के नगर निगम कार्यालय पर सफाई कर्मी एकत्रित हुए। इसके बाद सफाई कर्मियों ने शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए अम्बेडकर सर्किल तक रैली निकाली निकालकर विरोध जताया।

जिला स्तरीय वाक्पीठ संगोष्ठी संपन्न

निवाई, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में शनिवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय शारीरिक शिक्षक संघ की प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा वाकपीठ संगोष्ठी का समारोह पूर्वक समापन हुआ। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दीपिका सेमुअल, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी चौथमल चौधरी, वरिष्ठ उप जिला शिक्षा अधिकारी रामप्रसाद मीणा, संगोष्ठी संयोजक देवेंद्रपालसिंह चौधरी ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने वाक पीठ संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि शारीरिक शिक्षक ही छात्र-छात्राओं को तहसील स्तर से जिला, प्रदेश व देश स्तर के लिए खिलाडी के रूप में तैयार करता है। वह विद्यालयों में अनुशासन का पाठ सिखाते है। संगोष्ठी की संयोजक देवेंद्रपालसिंह चौधरी ने बताया कि शारीरिक संगोष्ठी में करीब 380 शारीरिक शिक्षकों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि जिलभर में सेवा निर्वत होने वाले शारीरिक शिक्षकों को माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया।

शराब ठेका हटाने को लेकर महिलाओं तथा लोगों का फूटा आक्रोश

श्रीमाधोपुर, (निसं)। शहर के वार्ड नं 08 जालपाली में शराब का नया ठेका संचालित होने का समाचार मिलते ही वार्डवासी लामबंद हो गए और संचालित हो रही शराब की दुकान के बाहर धरने पर बैठ गए।

वार्डवासियों ने शराब का ठेका बंद करवाने की मांग को लेकर नारेबाजी की और जब तक ठेका बंद

■ **महिलाओं तथा वार्डवासियों ने धरना देकर प्रदर्शन किया**

करने का लिखित में आदेश नहीं आने तक धरने पर बैठे रहने की चेतावनी दी। वार्डवासियों का कहना था कि जहां पर ठेका संचालित किया जा रहा उसके सामने महज कुछ दूरी पर ही बाबा केशवदास महाराज का मंदिर है और मंदिर में दिनभर भक्तों का आना जाना लगा रहता है। वहीं जालपाली में संचालित सभी स्कूलों में आने वाले छात्र छात्राओं का भी रास्ता यही है। जिससे शराब का ठेका संचालित होने पर यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहेगा और कोई ना कोई अनहोनी घटना घटित होने का अंदेशा लगा रहेगा। वार्ड की काफी संख्या में महिलाएं और लोग एकत्रित होकर शराब ठेके की दुकान पर आ पहुंची और धरने पर बैठकर ठेका बंद करवाने की मांग करने लगी। महिलाओं का कहना था कि ठेका बंद नहीं होने तक उनका विरोध जारी रहेगा। और शराब का ठेका किसी कारणवश बंद नहीं किया तो उन्हें मजबूरन बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा. वार्डवासियों के विरोध प्रदर्शन की सूचना पर पुलिस भी मौकै पर पहुंची और समझाइश का प्रयास किया लेकिन नहीं मानने पर शराब ठेका संचालित कर रहें दुकानदार को कागजों के साथ थाने पर बुलाया। इस दौरान मोहन लाल स्वामी पवन कुमार, विकास कुमार, रवि स्वामी, शंकरलाल, प्रेम प्रकाश वर्मा, सुरेंद्र कुमार, घनश्याम, सांवरमल, छगन लाल, अशोक कुमार, सीताराम, रघुनाथ, शारदा देवी, पार्वती देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं एवं वार्डवासी मौजूद रहे।

शराब ठेके के विरोध में वार्डवासी दुकान के बाहर धरने पर बैठ गए।

कलेक्टर ने उपखंड कार्यालय उनियारा का निरीक्षण किया

टोंक । जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने शुक्रवार शाम को उपखंड कार्यालय उनियारा का निरीक्षण किया और जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं को सुना।

जिला कलेक्टर के समक्ष नगर पालिका के वार्ड संख्या 3 के निवासियों ने पटवार भवन के पास का रास्ता 4.5 फीट का होने के कारण आने-जाने में परेशानी होने की पीड़ा को बताया, उन्होंने इस रास्ते को 12 फुट चौड़ा करने का प्रार्थना पत्र दिया। इसी तरह वार्ड नंबर 2 में निर्मित सीसी रोड पर प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा कर बंद किए गए रास्ते को खुलवाने की गुहार वार्डवासियो ने की। परिवादी किशन लाल ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि उनियारा टोंक सड़क मार्ग पर नाले को बंद करने के कारण उसके खेत में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, इसलिए बंद नाले को खुलवाकर उसे राहत दी जाएं, ताकि वह अपनी खेत पर फसल बो सके। जागरूक नागरिक आमजन सेवा समिति के अध्यक्ष ने ग्राम पंचायत बिलौता में पीएम आवास योजना में अनियमितता की जांच एवं उसे नकल की प्रति दिलाने का प्रार्थना पत्र दिया।

जिला कलेक्टर ने पाला गांव में रात्रि चौपाल की

अलवर, (निसं)। जिला कलक्टर आशीष गुप्ता ने शनिवार को मालाखेड़ा उपखंड की ग्राम पंचायत पाला के ग्राम पाला में आयोजित रात्रि चौपाल में जनसंवाद कर आमजन की परियोजनाओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रात्रि चौपाल में प्राप्त परिवेदनाओ का त्वरित निस्तारण करें।

■ **परिवेदनाओं को सुनकर त्वरित निराकरण के दिये निर्देश**

जिला कलेक्टर ने रात्रि चौपाल में पाला सहित आस-पास के क्षेत्रा से आये ग्रामीणों से पेयजल, विद्युत, स्वास्थ, आंगनबाडी सेवाओं, सामाजिक न्याय व अधिकारिता, मनरेगा, शिक्षा,रसद, पशुपालन व अन्य विभागों की सेवाओं का फीडबैक लिया। रात्रि चौपाल में पेयजल, विद्युत, रास्ते निर्माण आदि की परिवेदनाएं आई।

जिला कलेक्टर के गांव की चौपाल पर आने से ग्रामीणों में उत्साह दिखाई दिया। रात्रि चौपाल में ग्राम सुमेल के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के लिए भूमि आवंटन कराने,ग्राम पाला में दो जोहड़ो की भूमि पर अतिक्रमण होने, गांव के आम रास्ते में गंदे पानी भराव, क्षितग्रस्त विद्युत पोल व झूल रही विद्युत लाइन को दुरुस्त कराने एवं ग्राम पाला घरों के ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी की विद्युत लाइन को शिफ्ट कराने, खेतौं में रहने वालों लोगों ने रास्ता दिलाने,प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवाने व बार-बार विद्युत कटौती के निराकरण हेतु ग्रामीणों ने परिवेदना प्रस्तुत की जिस पर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिवेदनाओं के निराकरण कि सूचना परिवादी को दी जाये तथा इसकी रिपोर्ट भिजवाये। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी मालाखेड़ा अलवर देवीसिंह, डीएसओ मानसिंह मीना,सहायक कलक्टर अलवर सुश्री नवज्योति कावरिया, जयपुर डिस्कोम के अधीक्षण अभियंता सुधीर पांडे,सीडीईओ श्री नेकीराम, पीडब्लूडी विभाग की अधीक्षण अभियंता एम एल मीना, अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ के के मीना, तहसीलदार मेघा सहित संबंधित अधिकारी एवं सरपंच धर्मेंद्र मीना मौजूद रहे ।

जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता ने रात्रि चौपाल में आमजन की समस्याओं को सुना।